आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 12.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- सी.पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली, देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के मंत्री, राज्य के आपदा प्रभावित जिलों का निरीक्षण कर नुकसान की समीक्षा करेंगे।
- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चम्पावत जिला, ओडिएफ प्लस सत्यापन सर्वे में राज्य में पहले स्थान पर रहा।
- प्रदेश के आम नागरिकों और व्यापारी वर्ग ने जीएसटी सुधारों को जनता के हित में बताया।

उपराष्ट्रपति शपथ

सी.पी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह,

जे.पी. नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। श्री सी.पी राधाकृष्णन ने इस महीने की नौ तरीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 वोट मिले। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के मंत्री, राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर आपदा से हुए नुकसान की गहनता से समीक्षा करने के साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण भी करेंगे। सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की बारीकी से निगरानी करना और समस्त प्रभावित परिसंपत्तियों के नुकसान का व्यापक स्तर पर आकलन करना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर समन्वित प्रयास करेंगे। इसके अंतर्गत आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करना और पुनर्वास कार्यों को शीघ्र पूरा करना प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा से हुए नुकसान की व्यापक समीक्षा की जाएगी, ताकि आगामी रणनीतियाँ और नीतिगत निर्णय समयानुसार और प्रभावी ढंग से लिए जा सकें।

अस्थायी पुल

टिहरी जिले के सूदूर गेंवाली गांव में गत 28–29 अगस्त को अतिवृष्टि के कारण जगह–जगह हुए भूस्खलन से गांव का संपर्क टूट गया था, जिससे लोगों को आवागमन के साथ ही आवश्यक खाद्यान्न सामग्री की वस्तुओं की दिक्कत होनी शुरू हो गई थी। इसके बाद सड़क के निर्माण में लगी एक कंपनी ने गांव में आवाजाही के लिए अस्थाई पुल का निर्माण किया है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि अस्थाई पुल के बन जाने से गांव में खाद्यान्न सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं को ले जाने में सुविधा मिलेगी।

ओडीएफ प्लस सर्वे

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चम्पावत जिला, ओडिएफ प्लस सत्यापन सर्वे में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। सर्वे के दौरान जिले के कुल 644 गांवों का निरीक्षण किया गया। इनमें बाराकोट, चम्पावत, लोहाघाट और पाटी ब्लॉक के गांव शामिल हैं। सर्वे में ग्रामीण स्वच्छता को बनाए रखने के लिए समग्र ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और समग्र स्वच्छता आदि का विस्तार से अवलोकन कर रिपोर्ट तैयार की गई। इसके साथ ही स्वजल निगरानी केंद्र की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अंतिम सत्यापन होगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि चम्पावत जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण में जिले के ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों से चार हजार से अधिक फीडबैक मिले हैं, जो उत्तराखंड में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी गाँवो ने सत्यापन कराकर केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया है।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का अधिक कुशल और नागरिक–हितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का सपना तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति देने के साथ साकार हुआ। आज हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र में किए गए सुधारों की बात कर रहे हैं। जीएसटी सुधार 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे।

उधर, प्रदेश के आम नागरिकों और व्यापारी वर्ग ने जीएसटी सुधारों को जनता के हित में बताया है। अर्थशास्त्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने जीएसटी सुधार को सरकार का ऐतिहासिक फैसला बताया। आकाशवाणी समाचार देहरादून से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे खपत बढ़ेगी और सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी।